प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर में मशरूम स्पान (बीज) उत्पादन पर प्रशिक्षण आयोजित

रचनात्मक सोच प्रतियोगिता में दीपशिखा, विधि राणा एवं अखिलेश डबराल रहे अव्वल

पंतनगर। 18 अगस्त 2021। भारत की आजादी के 75वें वर्ष को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा 'भारत का अमृत महोत्सव' के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके अर्न्तगत गृह विज्ञान महाविद्यालय की अखिल भारतीय शोध परियोजना द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में युवा पीढी में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिये अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना-कृषि एवं महिलाऐं द्वारा भारत का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अर्न्तगत 'रचनात्मक सोच प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया, जिसमें कविता एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश एंव हिसार से अनेक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। चित्रकला प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा कु. दीपाशिखा चौधरी ने प्रथम, कु. भावना बसेरा ने द्वितीय एवं कु. निष्ठा पाठक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं कविता लेखन प्रतियोगिता के हिन्दी कविता वर्ग में पौढ़ी गढ़वाल के श्री अखिलेश डबराल एवं अंग्रेजी कविता वर्ग में एशियन स्कूल देहरादून की कु. विधि राणा, ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह कार्यक्रम कनिष्ठ वैज्ञानिक, डा. पूनम तिवारी एवं ईकाई प्रभारी, डा. दीपा विनय के निर्देशन में आयोजित किया गया।